प्रेस नोट थाना टूण्डला दिनांक 21-03-2026 जनपद फिरोजाबाद।

थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 20-03-2026 को थाना टूण्डला क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर में झगडे के दौरान जान से मारने की नीयत से अवैध असलहा से फायरिंग कर 03 व्यक्तियों को घायल करने के सम्बन्ध में थाना टूण्डला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 131/2026 में वांछित 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

- थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्तों 01.पुष्पेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी त्रिलोकपुर थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद 02.पवन पुत्र ओमप्रकाश निवासी त्रिलोकपुर थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को दिनाँक 20-03-2026 की रात्रि को ही गिरफ्तार कर अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही जा रही है।
- अभियुक्त जवाहर लाल उर्फ मोहन पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम त्रिकोलपुर थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद पुलिस मुठभेड के दौरान पैर में गोली लगने से हुआ घायल।
- अभियुक्त जवाहर लाल उर्फ मोहन के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस व 01 जिंदा कारतूस बरामद।

दिनाँक 20-03-2026 को टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम त्रिलोकपुर में अभियुक्त जवाहर लाल उर्फ मोहन पुत्र ओमप्रकाश व 05 अन्य सह अभियुक्तों द्वारा वादी धर्मवीर पुत्र सूरजपाल निवासी त्रिलोकपुर थाना टूण्डला फिरोजाबाद के परिजनों के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से अवैध असलहा से फायरिंग कर घायल कर दिया गया। प्रकरण में वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पर मु0अ0सं0 131/2026 धारा 191(2), 191(3), 190, 352, 109(1), 351(2) बीएनएस0 पंजीकृत किया गया।

उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 20-03-2026 की रात्रि को 02 नामजद अभियुक्त 01.पुष्पेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी त्रिलोकपुर थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद, 02.पवन पुत्र ओमप्रकाश निवासी त्रिलोकपुर थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा सम्भावित स्थानों पर प्रभावी दबिश दी जा रही थी। इसी दौरान थाना टूण्डला पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि दिनांक 20-03-2026 को ग्राम त्रिलोकपुर में वादी के परिजनों पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर घायल कर देने के सम्बन्ध में थाना टूण्डला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 131/2026 में वांछित नामजद अभियुक्त जवाहरलाल उर्फ मोहन पुत्र ओमप्रकाश कहीं भागने की फिराक में छिपता हुआ अकबरपुर गाँव से हिरनगाँव की ओर गया है। उक्त सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा हिरन गाँव रोड़ पर अभियुक्त जवाहर लाल उर्फ मोहन पुत्र ओमप्रकाश के छिपने की जगह पर

घेराबंदी कर दबिश दी गयी। पुलिस टीम को अपने नजदीक आता हुआ देखकर अभियुक्त द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम के ऊपर फायर कर दिया गया। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से अभियुक्त घायल हो गया है। घायल अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस व 01 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त थाना टूण्डला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 131/2026 धारा 191(2), 191(3), 190, 352,109(1), 351(2) बीएनएस0 में वांछित अभियुक्त जवाहर लाल उर्फ मोहन पुत्र ओमप्रकाश है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया है। अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण–

1. जवाहर लाल उर्फ मोहन पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम त्रिलोकपुर थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
2. पुष्पेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी त्रिलोकपुर थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद
3. पवन पुत्र ओमप्रकाश निवासी त्रिलोकपुर थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

अभियुक्त जवाहर लाल उर्फ मोहन से बरामदगी का विवरण-

1. 01 अवेध तमंचा 315 बोर।
2. 02 खोखा करातूस 315 बोर।
3. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर ।

अभियुक्त जवाहर लाल उर्फ मोहन की गिरफ्तारी का दिनांक/समय व स्थान- दिनाँक 21/03/2026 समय करीब 04.40 बजे, स्थान हिरनगाँव रोड से अकबरपुर जाने वाला मार्ग थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 अनिल कुमार सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 पिन्टू कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार शर्मा थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 अरविन्द कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
5. है0कां0 43 महेन्द्र कटियार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
6. कां0 512 यतेन्द्र कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
7. कां0 1565 भूरी सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।